24 घंटे में 5 मीटर उतरी चंबल, राजघाट पर 137 .2 मीटर जलस्तर

अब तक रेस्क्यू कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाए गए 1800 व्यक्ति

नवभारत न्यूज

मुरैना, 1 अगस्त । गुरूवार की शाम 6 बजे से शुक्रवार की शाम 7 बजे तक राजघाट पर चंबल नदी के जलस्तर में 5 मीटर की गिरावट आई है। शुक्रवार की शाम 7 बजे राजघाट पर चंबल नदी 137.20 मीटर पर बह रही थी। जो खतरे के निशान से करीब एक मीटर नीचे है। बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए जिले में अलग-अलग जगहों पर कुल 64 राहत शिविर बनाए गए है। अंबाह के 7 शिविरों में 984 लोगों को रखा गया है।

वहीं मुरैना तहसील के अंतर्गत 1 शिविर में 35 और पोरसा के एक शिविर में 400 बाढ़ प्रभावित लोगों ठहरे हुए है। अधीक्षक भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार चंबल नदी में आई बाढ़ से अब तक 33 पशु हानि, 143 मकानों को क्षति पहुंचनें और आंशिक क्षति की 122 घटनाएं दर्ज की गई है।

9 राहत कैंप में बाढ़ से घिरे 1419 लोग, 15 किए रेस्क्यू : चंबल-क्वारी नदियों में बाढ़ से प्रभावित हु ए 1 हजार 419 लोगों को जिले में अलग-अलग जगहों पर 9 राहत शिविरों में रखा गया है। इन शिविरों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से भोजन, पेयजल सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

जिले में अब तक 710.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज : जिले में 1 जून से 01 अगस्त तक 710.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 340.4 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 369.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। 01 अगस्त को 1.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। एक अगस्त को सर्वाधिक 6 मिमी वर्षा कैलारस में दर्ज की गई है। सबलगढ़ में 4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि पोरसा, अम्बाह, मुरैना और जौरा में वर्षा निरंक पायी गई है।

जौरा विधानसभा के बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचे कलेक्टर

मुरैना। लगातार हो रही वर्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने शुक्रवार को जौरा विधानसभा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान ग्राम सरसैनी, सरसैनी, छऊपुरा, पंचमपुरा और भवनपुरा में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनका हाल जाना, उनको कैम्पों में मिलने वाली आवश्यक सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। कलेक्टर ने कहा कि ऊंचे स्थान पर आशरा बनाएंए ताकि बार-बार का झंझट नदी के आने से न रहे। भ्रमण के समय एसडीएम जौरा प्रदीप तोमर सहित अन्य राजस्व अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

आज शहर में तीन फीडरों पर 3 घंटे बिजली सप्लाई बंद रहेगी

मुरैना, 1 अगस्त। विद्युत मंडल द्वारा बताया गया है कि विद्युत लाइन पर मेन्टेनेंस का कार्य होने के कारण ज्ञानेश्वरी, गांधी कॉलोनी और सिटी फीडरों से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज 2 अगस्त को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 02 बजे तक बंद रहेगी। जानकारी के अनुसार 11 केव्ही ज्ञानेश्वरी फीडर से पीताम्बरा लॉज, संग्रहालय, जेल रोड, जिला हॉस्पीटल के पीछे वाला क्षेत्र, संजय कॉलोनी चौराहा, त्रिवेणी धर्मशाला, बजरंग गली, राधामोहन गली, तिवारी गली, फोदा कुंआ गली, शर्मा गली, उमेश पाठक गली की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 11 केव्ही गांधी कॉलोनी फीडर से प्रकाश कॉन्वेंट वाला क्षेत्र, गांधी मैरिज होम, बाल निकेतन, राधिका पैलेस वाला क्षेत्र, टीआईटी कॉम्प्लेक्स व संपूर्ण गांधी कॉलोनी तथा सिटी फीडर से प्यारा होटल, गांधी औषधालय, गर्ल्स रोड, जिला पंचायत, गोपीनाथ की पुलिया, पंचायती धर्मशाला, कदम सिंह वाली गली, मिल एरिया रोड, माहौर कॉलोनी और सब्जी मंडी वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

शराब को पैसे न देने पर 2 सगे भाईयों पर बका से हमला, जख्मी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 1 अगस्त । सिविल लाईन थाना क्षेत्र में सेल्सटैक्स बैरियर के पास शुक्रवार की शाम को शराब के लिए पैसे न देने पर दो बदमाशों ने दो सगे भाईयों पर बका से हमला बोल दिया। हमले में दोनों भाई जख्मी हुए है। उन्हें जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सरायछौला क्षेत्र के अंतर्गत मैथाना गांव के मजरा बाबू सिंह का पुरा निवासी निर्भय सिंह गुर्जर (20) पुत्र रामवीर सिंह गुर्जर शुक्रवार को सगे छोटे भाई आकाश गुर्जर (17) के साथ खरीददारी करने के लिए गांव से मुरैना शहर आ रहा था। इसी दौरान एनएच-44 हाईवे पर सेल्सटैक्स बैरियर के पास दोनों भाई तंबाकू खरीदने के लिए एक दुकान पर रुके। तभी वहां मनीराम गुर्जर और उसका पुत्र शिवम वहां पहुंचें और निर्भय एवं आकाश से शराब के लिए पैसों की मांग करने लगे। जब उन्होंने शराब के लिए पैसे देने से इंकार किया तो उन्होंने दोनों भाईयों पर धारदार बका से हमला बोल दिया। जिससे दोनों भाई लहूलुहान हो गए। उन्हें जख्मी हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

55 बकायादारों के कनेक्शन काटे, 27 लाख रुपए वसूले

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 1 अगस्त । विद्युत बकायादारों के विरुद्ध बिजली कंपनी जौरा द्वारा निरंतर वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को

बिजली कंपनी का जौरा में वसूली अभियान जारी

नगर में विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर बिजली कंपनी की टीम ने 55 बकायादारों के कनेक्शन विच्छेद करने की कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद बकायादारों से कंपनी के कर्मचारियों ने 27 लाख 10 हजार रूपये की राशि वसूल की।

विद्युत वितरण कंपनी जौरा के सहायक यंत्री पुष्पेन्द्र यादव, कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा सहित कर्मचारियों की टीम ने शुक्रवार को नगर में एमएस रोड, चंद्रशेखर आजाद रोड, इस्लामपुरा रोड, सदर बाजार, बनिया पाड़ा, सुभाष रोड, हनुमान चौराहा, तहसील चौराहा, अस्पताल रोड, डाकखाना रोड, पुराना जौरा, पगारा रोड सहित अन्य गली-मौहल्लों में अभियान चलाते हुए 55 बकायादारों के कनेक्शन काटे। उमसभरी गर्मी के मौसम में विद्युत कनेक्शन विच्छेद होने के बाद जब बकायादारों को परेशानी का अहसास हुआ तो उन्होंने मौके पर ही टीम के समक्ष बकाया राशि को जमा कराना शुरू कर दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने बकायादारों से 27 लाख 10 हजार रूपये की राशि वसूल की। कार्रवाई करने वाली टीम में बृजमोहन धाकड़, मनोज जाटव, अमरकांत शर्मा, मनोज सविता, हरिओम कुशवाह, अहसान खान, अलीमुद्दीन खान, ऋ षिकेश कुशवाह, घनश्याम सिकरवार, भारत मीणा आदि कर्मचारी शामिल थे।

बीईओ शर्मा ने ईमानदारी- दबंगई से किया कर्तव्य निर्वहन

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 1 अगस्त । वर्तमान हालातों में शासकीय सेवा के दौरान कर्तव्यों का निर्वहन किया जाना लोकसेवक के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। लेकिन

सेवानिवृति पर साथी कर्मचारियों ने दी समारोहपूर्वक विदाई

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डीके शर्मा ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी एवं दबंगई के साथ कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन किया। जो सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है।

यह बात सेवानिवृत्त बीईओ राधामोहन शर्मा ने कही। श्री शर्मा, शुक्रवार को जौरा ब्लॉक के बीईओ डीके शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। समारोह में सेवानिवृत्त हुए बीईओ डीके शर्मा ने कहा कि जौरा में कार्य करने के दौरान साथी कर्मचारियों से उन्हें जो सम्मान, प्यार और सहयोग मिला, उसके लिए वे सदैव आभारी रहेंगे। समारोह को डीपीसी हरीश तिवारी, बीआरसी जौरा राजीव जादौन, प्रभारी प्राचार्य शैलेन्द्र कुशवाह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संजय शर्मा एवं राजकिशोर शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र कुशवाह ने किया। समारोह में सेवानिवृत्त बीईओ डीके शर्मा को पुष्पहार पहनाने के बाद शॉल-श्रीफल भेंट किए और साफा बांधकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश डण्डौतिया, मुन्नालाल यादव, जितेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र जैन, माधवप्रसाद त्यागी, शिवकुमार पाराशर, राजेश त्यागी, मुकेश त्यागी, पंकज कुलश्रेष्ठ, विमल शर्मा, रविन्द्र सिकरवार, सुरेश शर्मा, जगदीश शुक्ला, कमलेश दुबे, रविशरण तिवारी, रविशंकर शर्मा, उमेश शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, रामनरेश दुबे, नरेश सिंह सिकरवार, एके श्रीवास्तव, कुलदीप शर्मा, रिंकू डंडौतिया आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता 6 को मुरैना में होगी

मुरैना, 1 अगस्त । जिलास्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 6 अगस्त को मुरैना में होगा। मुरैना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की मीडिया प्रभारी महिमा जैन ने बताया कि यह प्रतियोगिता 6 अगस्त को शहर में महादेव नाका क्षेत्र स्थित काशीबाई धर्मशाला में आयोजित होगी। मीडिया प्रभारी महिमा जैन ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन एसोसिएशन के संरक्षक सीए प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष कृष्णा सोनी, सचिव डॉ. जयकिशन शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के लिए पंजीयन शुरू हो चुके है। इस प्रतियोगिता में 10 वर्ष से लेकर 55 वर्ष तक आयु के महिला, पुरुष शामिल हो सकेंगे। इस प्रतियोगिता में चयनित होने वाले प्रतिभागी राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

श्री बांके बिहारी मंदिर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित

मुरैना। श्री बिहारी जी महाराज जिला स्तरीय प्रबंध समिति की बैठक 31 जुलाई को कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व, पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जन्मोत्सव मनाने एवं आयोजन के अवसर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित एजेंडा पर प्रस्ताव रखे गए, जो समिति के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनी अपनी स्वीकृति दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, एसडीएम मुरैना भूपेंद्र सिंह कुशवाह, सीएसपी मुरैना श्रीमती दीपाली चंदोरिया, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, आयुक्त नगर निगम सत्येंद्र धाकरे, सहायक संचालक जनसंपर्क सुश्री मोनिका माहौर, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

महापौर 24 डोर-टू-डोर कचरा वाहनों को आज दिखाएंगी हरीझंडी

मुरैना। नगरीय क्षेत्र के वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 24 नवीन वाहनों को महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी आज 2 अगस्त को हरीझंडी दिखाकर रवाना करेंगी। 2 अगस्त को उनके कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के साथ जन्मदिन के मौके पर उनके द्वारा अतरसूमा स्थित पीएम आवास योजना परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा। महापौर श्रीमती सोलंकी के 2 अगस्त को जन्मदिन के अवसर पर मेला ग्राउंड के पास स्थित निवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा। यहीं से उनके द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाले 24 वाहनों को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इससे पहले सुबह 8 बजे अतरसूमा स्थित पीएम आवास योजना परिसर में पौधारोपण किया जाएगा।

पवन सिंह राठौर बने तेलघानी बोर्ड के विधानसभा प्रभारी

सबलगढ़। मध्य प्रदेश शासन तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रवीकरण साहू द्वारा तेलघानी बोर्ड के कार्यों के विस्तार हेतु सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विधानसभा प्रतिनिधि प्रभारी की नियुक्ति की गई है जिसमें सबलगढ़ विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सबलगढ़ के महामंत्री एवं राठौर समाज के अध्यक्ष पवन सिंह राठौर को मध्य प्रदेश शासन तेलघानी बोर्ड सबलगढ़ विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनने के बाद श्री राठौर ने बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण साहू एवं वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताया। साथ ही प्रभारी बनने के बाद पवन सिंह राठौर को ईस्ट मित्र एवं वरिष्ठ जनों ने शुभकामनाएं दी।

बीईओ दफ्तर में भृत्य कर रहा आईएमएफस पोर्टल पर कार्य

नवभारत न्यूज

मुरैना, 1 अगस्त । ब्लॉक शिक्षाधिकारी कार्यालय जौरा में आईएमएफस पोर्टल पर वित्तीय कार्य को भृत्य मनोज सविता द्वारा संपादित किया जा रहा है। विभागीय वित्तीय लेनदेन से जुड़े

शिक्षक कांग्रेस ने कहा वित्तीय पारदर्शिता व गोपनीयता खतरे में, दिया ज्ञापन

पोर्टल पर भृत्य द्वारा कार्य किया जाना नियमों के प्रतिकूल है। इससे वित्तीय पारदिर्शता और विभागीय गोपनीयता के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है।

यह बात मप्र शिक्षक कांग्रेस की ओर से शुक्रवार को जिला शिक्षाधिकारी एसके सक्सैना को दिए गए ज्ञापन में कही गई है। यह ज्ञापन शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिह तोमर, प्रांतीय सचिव कौशल शर्मा, जिला महामंत्री धीरेन्द्र सिंह सिकरवार के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में भृत्य मनोज सविता द्वारा पोर्टल के संचालन पर आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि संबंधित भृत्य द्वारा वित्तीय कार्य के लिए शिक्षकों से अनौपचारिक लेनदेन किए जाने के आरोप भी लगाए गए है। ज्ञापन में भृत्य मनोज सविता से पोर्टल पर कराए जा रहे कार्य को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी शिक्षक कांग्रेस की ओर से दी गई है।

बारिश से फसलें नष्ट, शत-प्रतिशत मिले मुआवजा : पंकज

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 1 अगस्त । जौरा विधानसभा क्षेत्र सहित चंबल अंचल में भारी बारिश के कारण किसानों की फसलें खेतों में पूरी तरह नष्ट हो गईं है। बाजरा और तिल के बीज अंकुरित होने के साथ ही बर्बाद हो गए है। जिससे

जौरा विधायक ने विधानसभा में रखी मांग, बोले सर्वे का ढोंग न करे सरकार

किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में सरकार को अन्नदाता को सहारा देने के लिए नष्ट हुई फसलों के लिए शत-प्रतिशत मुआवजा राशि प्रदान की जाना चाहिए।

मप्र विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को जौरा विधायक पंकज उपाध्याय ने यह मांग सदन में सरकार से की। सदन में बोलते हुए विधायक श्री उपाध्याय ने कहा कि सरकार हर बार की तरह इस बार सर्वे करने का ढोंग न करें और किसानों को जल्द से जल्द मुआवजे की राशि प्रदान करे। उन्होंने खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों की समस्या को भी सदन में उठाया और कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में जहां आम आदमी को जोमेटो से पिज्जा-बर्गर की डिलीवरी भले ही दस मिनट में मिल जाती हो, लेकिन किसानों को दस-दस दिन में भी खाद उपलब्ध कराने में सरकार नाकाम साबित हो रही है। सदन में विधायक श्री उपाध्याय ने कहा कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुआ तो उन्हें बड़ा नुकसान होगा। इन हालातों में कांग्रेस पार्टी किसानों के हित में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने पर मजबूर होगी।

कांग्रेस सेवादल ने मनाई बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि

मुरैना, 1 अगस्त । कांग्रेस सेवादल की जिला इकाई के तत्वावधान में शुक्रवार को बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पूर्ण श्रद्धाभाव से मनाई गई। सेवादल के जिलाध्यक्ष प्रदीप रजक के नेतृत्व में शुक्रवार को एमएस रोड स्थित नेहरू पार्क में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल गंगाधर तिलक के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। जिसके बाद वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कांग्रेस अजा विभाग के अध्यक्ष नरोत्तम माहौर, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजेश राठौर, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष रहीस खान, आनंद रजक, राजकुमार पाठक, हरीराम पचौरिया, भैरव बघेल, फैजान पठान, पप्पू दीक्षित, निरंजन राठौर, बुद्धीराम बाथम आदि उपस्थित थे।

पंचायत समन्वयक कुशवाह का हुआ सम्मान, भावभीनी विदाई दी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 1 अगस्त । बतौर पंचायत समन्वयक जिले की अलग-अलग जनपद पंचायतों में निरंतर 38 सालों तक सेवाएं देने के बाद पंचायत समन्वयक रमेश कुशवाह 31 जुलाई को सेवा से निवृत्त हो गए।

सेवानिवृत्ति के मौके पर गुरूवार को जनपद पंचायत मुरैना के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जनपद पंचायत मुरैना के सीईओ अजय सिंह वर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। विदाई समारोह में जनपद पंचायत के अधिकारी, कर्मचारियों ने पुष्पहार पहनाए और शॉल-श्रीफल भेंटकर श्री कुशवाह का सम्मान किया। समारोह में मौजूद अतिथियों ने सेवानिवृत्त हुए पंचायत समन्वयक रमेश कुशवाह के कार्यकाल और साथी कर्मचारियों के साथ उनके व्यवहार की भरपूर सराहना की। विदाई समारोह के बाद जनपद कर्मचारियों सहित श्री कुशवाह के मित्रगण और शुभचिंतक ढोल-नगाड़ों के साथ उनके तुलसी कॉलोनी स्थित निवास तक विदा करने उनके साथ गए।



1 से 7 अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह

मुरैना, 1 अगस्त । जिले में 1 से 7 अगस्त 2025 तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य स्तनपान के प्रति जागरूकता बढाना एवं माताओं को स्तन पान कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम इन्वेस्ट इन ब्रेस्ट फीडिंग इन्वेस्ट इन फ्यूचर स्तनपान शिशु को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा तरीका है।

साहित्यिक सृजन संस्था ने मनाई तुलसी जयंती

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 1 अगस्त। तुलसी जयंती के पावन पर्व पर तुलसी साहित्यिक सृजन संस्था सबलगढ़ द्वारा एक वृहद काव्य गोष्ठी का आयोजन किडीज होम स्कूल में किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जन सेवक राजेंद्र शुक्ला कैलारस थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किडीज होम पब्लिक स्कूल के संचालक नीरज बजाज ने की।

विशिष्ट अतिथियों में राजेंद्र सिंह एडवोकेट अक्षय शरण मिश्रा गणेश पाल ओम प्रकाश सिंह जादौन एवं उम्मेद सिंह जादौन रहे। यह संस्था प्रतिवर्ष दो कवियों को सम्मानित करती है इस वर्ष यह सम्मान धौलपुर राजस्थान के प्रेम प्रसून तथा मुरैना के कैलाश गुप्ता को प्रदान किया गया स्थानीय कवियों में हितेंद्र शर्मा, राजीव सेंगर और अनिल मुद्गल ने भी काव्य पाठ किया । संस्था के अध्यक्ष डॉ शरद शर्मा और सचिव राजवीर सिंह ने सभी अतिथियों और कवियों का का स्वागत किया गया और राज्य कर्मचारी संघ के के तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन अनिल मुद्गल ने किया इस कार्यक्रम में शहर के सभी प्रमुख पत्रकार एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

आम सूचना

श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सोनेराम गर्ग के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित नारायणी गली, ग्राम जौरा खुर्द, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.19 (पुराना) एवं 17 (नया)-नेहरू वार्ड में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.668 ग्राम जौरा खुर्द का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है-पूर्व में रास्ता 13 फुट चौड़ा, पश्चिम में भवन सिकरवार, उत्तर में- भवन श्री दिनेश गर्ग एवं दक्षिण में-भवन गुप्ता है। उक्त सम्पत्ति पूर्व में श्री नथमल गोयल पुत्र श्री हीरालाल जी द्वारा श्रीमती धनवंती देवी पत्नी श्री सोनेराम गर्ग को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.2139 दिनांक 29.10.1976 से विक्रय की गई। श्रीमती धनवंती देवी द्वारा उक्त सम्पति के संबंध में श्री दिनेश गर्ग एवं श्री राजेन्द्र गर्ग पुत्रगण श्री सोनेराम गर्ग के हित में नोटराईज्ड वसीयतनामा विलेख दिनांक 17.11.2011 को सम्पादित किया गया। श्रीमती धनवंती देवी का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, वसीयतनामा विलेख दिनांक 17.11.2011 के अनुसार, श्री दिनेश गर्ग एवं श्री राजेन्द्र गर्ग पुत्रगण श्री सोनेराम गर्ग उनकी सम्पति के मालिक हुये। श्री राजेन्द्र गर्ग द्वारा अपने भाग की सम्पति 450 वर्गफुट के संबंध में श्री दिनेश गर्ग पुत्र श्री सोनेराम गर्ग के हित में ई-रजिस्टर्ड हकत्याग विलेख क्र.एमपी25792023ए2031653 दिनांक 22.06.2023 को सम्पादित किया गया। श्री दिनेश गर्ग द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वितीय संस्थान पिरामल कैपीटल एण्ड हाउसिंग फायनेंस लि. शाखा ग्वालियर (म.प्र.) के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्रीमती धनवंती देवी के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास,सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710